संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(40)RSMSSB/अर्थना/ग्रा.प.रा./ग्रा.से. /2016/474 **दिनांक : 29.9.2016**

बोर्ड द्वारा निम्नलिखित पदो हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996, राजस्थान समाज कल्याण अधीनस्थ सेवा नियम, 1963 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत

ग्राम सेवक एवं पंचायत सचिव तथा छात्रावास अधीक्षक ग्रेड–II संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2016

पद व विभाग		पद संख्या		आयु (दिनांक 01.01.2017 को)	वेतनमान
पद कोड संख्या	पद का नाम	गैर अनुसूचित क्षैत्र	अनुसूचित क्षैत्र	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम।	रनिंग पे बेण्ड (5200–20200 रू) ग्रेड पे रू 2400/–
01	ग्राम सेवक एवं पंचायत सचिव विभाग : ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग	3137	511		
02	छात्रावास अधीक्षक ग्रेड–II विभाग : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग	265	35	न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम।	

शैक्षणिक योग्यता:–

(i) विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक या सरकार द्वारा उसके समतुल्य घोषित अर्हता

और

इलेक्ट्रोनिक्स विभाग, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन डिपार्टमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एक्रीडिटेशन ऑफ कम्प्यूटर कोर्स (DOEACC) द्वारा आयोजित "ओ" लेवल या उच्चतर लेवल प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम।

या

व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कीम की राष्ट्रीय परिषद (नेशनल कॉसिल)/राज्य परिषद (स्टेट कॉसिल) के अधीन आयोजित कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक (COPA)/DATA प्रेपरेशन और कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर (DPCS) प्रमाण–पत्र।

या

भारत में विधि द्वारा संस्थापित विश्वविद्यालय या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा।

या

सरकार से मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी में डिप्लोमा।

या

राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के नियंत्रणाधीन वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा द्वारा संचालित सूचना प्रोद्योगिकी में राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट इन इन्फोरमेशन टेकनोलोजी (RS-CIT) में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम।

(ii) देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

आवेदन करने की अवधि:–ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 01.10.2016 मध्य रात्री से 31.10.2016** को मध्य रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क **दिनांक 01.10.2016 मध्य रात्री से 31.10.2016** को मध्य रात्रि 12 बजे (ई–मित्र कियोस्क पर रात्रि 8 बजे) तक ही जमा हो सकेगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

परीक्षा का माह व स्थान:– परीक्षा **18 दिसम्बर, 2016** में बोर्ड द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्रो पर करवाई जायेगी। इस संबंध में अधिक सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी।

अन्य बिन्दु व सूचना:– परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षित पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान एवं परीक्षा की स्कीम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। विस्तृत विज्ञापन राजस्थान रोजगार संदेश के आगामी अंक में प्रकाशित होगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त बेवसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावे।

(प्रदीप कुमार बोरड़)
सचिव